सीरीज : **A**

# कोड : MSI-210

क्रमांक 160496

## प्रश्न पुस्तिका

| भाग | प्रश्न | अंक |
|---|---|---|
| 1 | 60 | 50 |
| 2 | 60 | 50 |
| | कुल प्रश्न 120 | पूर्णांक 100 |

**समय : 2 घण्टे**

**पूर्णांक : 100**

अपना अनुक्रमांक बॉक्स में लिखें (अंकों में/शब्दों में)

अंकों में

शब्दों में

**नोट :—**

प्रश्नों के उत्तर केवल दिये गये उत्तर पत्रक पर ही दें।

उत्तर पत्रक पर उत्तर देने से पहले नीचे दिये गये अनुदेशों को सावधानी पूर्वक पढ़ लें और इनका अनुपालन सुनिश्चित करें।

प्रश्नों का उत्तर देने के लिये केवल काले अथवा नीले बॉल प्वाइंट पेन का ही प्रयोग करें।

## जब तक न कहा जाय इस प्रश्न पुस्तिका को न खोलें

### महत्वपूर्ण अनुदेश

1. उत्तर पत्र पर निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक व प्रश्न पत्र पुस्तिका की सीरीज अंकित करें तथा अपने हस्ताक्षर करें। ऐसा न करने पर उत्तर पत्रक का मूल्यांकन नहीं किया जायेगा और अभ्यर्थी को "शून्य" अंक दिया जायेगा, जिसका पूर्ण उत्तरदायित्व अभ्यर्थी का होगा।
2. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक में भरी गयी सूचना को मशीन द्वारा पढ़ा जायेगा। यह सूचना अपूर्ण अथवा असत्य या आवेदन पत्र में दी गयी सूचना से भिन्न होने पर अभ्यर्थी का अभ्यर्थन निरस्त समझा जायेगा।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में 02 भाग है। प्रत्येक भाग में 60 प्रश्न एवं कुल 120 प्रश्न हैं। प्रत्येक प्रश्न के अंक समान है। प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं। इन चार विकल्पों में से एक विकल्प चुनकर उत्तर पत्रक में उससे सम्बन्धित गोले को काले अथवा नीले बॉल प्वाइन्ट पेन से इस प्रकार भरें कि सम्पूर्ण गोला ठीक तरह से भर जाये। पेन्सिल, व्हाइटनर, ब्लेड का प्रयोग वर्जित है। इसके प्रयोग से ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक में भरी गयी सूचना को मशीन द्वारा नहीं पढ़ा जायेगा।
4. उत्तर पत्रक को मोड़ा या काटा न जाय और न ही इस पर कोई अनावश्यक स्याही आदि का निशान लगाया जाय।
5. गलत तरीके से भरे गये गोले के लिये कोई अंक नहीं दिये जायेंगे।
6. प्रत्येक प्रश्न के उत्तर के लिये केवल एक ही विकल्प चुनें। यदि ऐसा लगे कि एक से अधिक विकल्प सही है तो सबसे अधिक सही विकल्प को उत्तर पत्रक पर अंकित करें। एक से अधिक उत्तर देने पर प्रश्न के उत्तर को गलत माना जायेगा और इसके लिये "शून्य" अंक दिये जायेंगे।
7. ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक को खाली न छोड़ें। इसमें दिये गये स्थान पर अनुत्तरित प्रश्नों की संख्या अंकित करें।
8. इस बात का विशेष ध्यान रखें कि दिये जाने वाले उत्तर की संख्या एवं प्रश्न की संख्या एवं उसमें दिये गये विकल्प के समान हो। उदाहरणार्थ— यदि प्रश्न संख्या-48 के विकल्प (B) को चुना जाता है, तो उत्तर पत्रक के उत्तर संख्या-48 के विकल्प (B) के गोले को काले या नीले बॉल पेन से भरा जाय।
9. गलत उत्तर के लिये कोई अंक नहीं काटा जायेगा।
10. इस प्रश्न पुस्तिका के कवर पेज पर एवं अन्दर कहीं भी कुछ न लिखें। रफ कार्य के लिये प्रश्न पुस्तिका के अन्त में दिये गये रफ शीट का ही प्रयोग करें।
11. प्रश्न पुस्तिका खोलने के तुरन्त बाद यह जाँच कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि प्रश्न पुस्तिका में कोई कमी हो तो इसे कक्ष अन्तरीक्षक को दिखाकर उससे इसी सीरीज की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लें।
12. परीक्षा समाप्ति पर ओ०एम०आर० उत्तर पत्रक कक्ष अन्तरीक्षक के पास अनिवार्य रूप से जमा कर दें। अन्तरीक्षक द्वारा अभ्यर्थी को उत्तर पत्रक की दूसरी (अन्तिम) प्रति दी जायेगी और अभ्यर्थी इसे प्राप्त करके कक्ष अन्तरीक्षक की अनुमति से ही कक्ष छोड़ेंगे।
13. प्रश्न पुस्तिका तथा उत्तर पत्रक की द्वितीय प्रति अभ्यर्थी को अपने साथ ले जाने की अनुमति है।
14. उपर्युक्त अनुदेशों में से किसी एक का भी पालन न करने पर अभ्यर्थी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है एवं उसे दण्डित किया जा सकता है।
15. अभ्यर्थी उत्तर पत्रक पर निर्दिष्ट प्रविष्टि करने को छोड़कर अपना नाम या किसी प्रकार का अन्य पहचान चिन्ह अंकित न करें। ऐसा पाये जाने पर उसका अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायेगा।

SEAL

SEAL

## भाग-1

1. एक तीन अंकों वाली संख्या को उल्टा करने पर प्राप्त संख्या जो मूल संख्या से 396 अधिक होती है। दसवें स्थान क अंक 2 है। सौवें स्थान का अंक इकाई स्थान के अंक का आधा है। यह तीन अंकों वाली संख्या कौन सी है?

   (A) 521 (B) 326 (C) 723 (D) 428

2. एक थैली में 20 पैसों और 25 पैसों के सिक्कों के रूप में कुल 90 सिक्के हैं। यदि थैली में सिक्कों की कुल कीमत 2 रूपये हो तो 25 पैसों के सिक्कों की संख्या ज्ञात करें।

   (A) 60 (B) 55 (C) 65 (D) 70

3. 1200 रु. को P, Q और R में बाँटा जाता है। पी. को क्यू और आर को प्राप्त कुल राशि से आधी रकम मिलती है। Q को P और R को मिली कुल राशि से एक-तिहाई रकम मिलती है। R को मिली कुल रकम क्या है?

   (A) 400 (B) 500 (C) 300 (D) 600

4. $\frac{33}{4}$ of 4500 + ? = 118500

   (A) 81375 (B) 24123 (C) 51240 (D) 61250

5. द्विघाती समीकरण $x^2 - 12x + p = 0$, में एक मूल दूसरे से तीन गुना है। p का मूल्य ज्ञात करें।

   (A) 29 (B) $-26$ (C) $-28$ (D) 27

6. 81,216 का LCM ज्ञात करें।

   (A) 944 (B) 648 (C) 5256 (D) 4608

7. 18,27,36 का HCF ज्ञात करें।

   (A) 9 (B) 3 (C) 6 (D) 12

8. $\frac{9}{13}, \frac{7}{11}, \frac{3}{8}$ का HCF ज्ञात करें।

(A) $\frac{1}{1144}$ (B) $\frac{1}{88}$ (C) $\frac{1}{44}$ (D) $\frac{1}{66}$

9. $$\frac{(2.45)^3 + 7.35\,(1.55)^2 - 4.65(2.45)^2 - (1.55)^3}{(2.45)^2 - 2 \times 2.45 \times 1.55 + (1.55)^2}$$

(A) 0.8 (B) 0.9 (C) 0.7 (D) 0.6

10. मिश्रित आवर्ती दशमलव .3586868686 ________ को अंश (fraction) के रूप में व्यक्त करें।

(A) $\frac{3586}{9900}$ (B) $\frac{86}{99}$ (C) $\frac{35}{90}$ (D) $\frac{3551}{9900}$

11. निम्न में से कौन सी संख्या 8 और 9 दोनों से विभाज्य है?

(A) 2458 (B) 2244 (C) 2448 (D) 3968

12. निम्न में से कौन सी संख्या 12 और 18 से विभाज्य है?

(A) 7524 (B) 3654 (C) 3027 (D) 5136

13. 222.01 का वर्गमूल ज्ञात करें।

(A) 14.3 (B) 14.1 (C) 14.7 (D) 14.9

14. ऐसी सबसे छोटी संख्या ज्ञात करें जिसको 13 और 16 से विभाजित करने पर क्रमश : 2 और 5 शेष बचते हैं।

(A) 187 (B) 197 (C) 207 (D) 219

15. एक परीक्षा में मोहन और सोहन के स्कोर 5 : 4 के अनुपात में हैं। यदि कुल स्कोर 135 हो तो मोहन का स्कोर ज्ञात करें।

(A) 75 (B) 60 (C) 85 (D) 50

16. यदि a : b = 5 :7

$\frac{5a+b}{2a+3b}$ ज्ञात करें।

(A) $\frac{25}{24}$ (B) $\frac{6}{5}$ (C) $\frac{32}{31}$ (D) $\frac{7}{9}$

17. यदि $f(x) = 2x + 3$ और $f(f(f(x))) = 13$ हो, तब $x$ का मूल्य =

(A) 1 (B) 2 (C) −2 (D) −1

18. $n$ के कौन से सकारात्मक पूर्ण मूल्य (positive integral value) के लिये $2^8 + 2^{11} + 2^n$ एक संपूर्ण वर्ग (perfect square) होता है।

(A) 12 (B) 13 (C) 20 (D) 14

19. $x$ के $\frac{2}{5}^{th}$ में $x$ का प्रतिशत कितना है ?

(A) 200% (B) 250% (C) 300% (D) 500%

20. किसी परीक्षा में मोहित को अधिकतम अंकों का 60% मिलता है, जो पास होने को अंकों से 45 अंक अधिक है। यदि पास होने के अंक 45% हों तो परीक्षा के अधिकतम अंक कितने होंगे ?

(A) 100 (B) 200 (C) 300 (D) 400

21. एक संख्या का 40% 200 होता है। उसी संख्या का 48% कितना होगा ?

(A) 240 (B) 300 (C) 480 (D) 560

22. मोहन को एक वस्तु को रु. 840 में बेचने से 20% का लाभ हुआ। उसका लागत मूल्य क्या था ?

(A) 672 (B) 168 (C) 700 (D) 800

23. एक 5 मीटर कपड़े को बेचने से हुआ लाभ उस कपड़े के 2 मीटर की लागत मूल्य के बराबर है। लाभ का प्रतिशत ज्ञात करें।

(A) 30% (B) 35% (C) 40% (D) 45%

24. रामू ने एक वस्तु का विक्रय मूल्य उसके लागत मूल्य से 20% अधिक रखा और उसे 20% रियायत पर बेच दिया। उसने रु. 40 का लाभ/हानि कमाई। उसका लागत मूल्य क्या था ?

(A) 1000 (B) 1500 (C) 2000 (D) 2500

25. यदि $(x-2)$, $3x^2+2x-2k$ का एक घटक न हो तो k का मूल्य निम्न नहीं हो सकता __________

(A) 16 (B) 8 (C) 4 (D) 18

26. यदि

10

6

1

6

$625^{2x-3} = 25$

तो $x$ के किस मूल्य से उपरलिखित समीकरण संतुष्ट होगा ?

(A) 2 (B) 3 (C) 4 (D) 7

27. निम्न अभिव्यक्ति को सरल करें : $1-\{1+(a^2-1)^{-1}\}^{-1}$

(A) $\frac{1}{a^2}$ (B) $a^2$ (C) $\frac{-1}{a^2}$ (D) $-a^2$

28. राम और श्याम ने क्रमश: 30000 रु. और 40000 रु. के निवेश के साथ व्यवसाय शुरू किया। पहले वर्ष के अंत में उनका कुल मुनाफा 1400 रु. रहा। लाभ में राम का हिस्सा कितना होगा ?

(A) 800 (B) 600 (C) 650 (D) 750

29. $\frac{1}{5} + \frac{1}{6} + \frac{1}{8} = ?$

(A) $\frac{59}{120}$ (B) $\frac{58}{120}$ (C) $\frac{56}{120}$ (D) $\frac{57}{120}$

30. 12 सेंमी, 10 सेंमी और 8 सेंमी भुजाओं वाले त्रिकोण का क्षेत्रफल बताएं।

(A) $12\sqrt{7}$ वर्ग मी. (B) $13\sqrt{7}$ वर्ग मी. (C) $14\sqrt{7}$ वर्ग मी. (D) $15\sqrt{7}$ वर्ग मी.

31. 30 मीटर $\times$ 24 मीटर आयाम वाले एक आयताकार प्लाट में प्लाट के चारों ओर भुजाओं के साथ-साथ 2 मीटर चौड़ाई वाला एक मार्ग बनाया गया है। मार्ग का क्षेत्रफल ज्ञात करें।

(A) 520 वर्ग सेंमी (B) 200 वर्ग सेंमी (C) 100 वर्ग सेंमी (D) 72 वर्ग सेंमी

32. प्रिया ने $x$ और $y$ के बीच की दूरी 4 घण्टे में पूरी की। उसकी औसत गति 90 किमी. प्रति घण्टा है। $x$ और $y$ के बीच की दूरी क्या है ?

(A) 180 किमी. (B) 360 किमी. (C) 720 किमी. (D) 900 किमी.

33. 10240 रु. पर 25% प्रतिवर्ष की दर से प्रति छह माह पर आँका गया डेढ़ वर्ष का चक्रवृद्धि ब्याज क्या है ?

(A) 4340 (B) 4580 (C) 4670 (D) 4860

34. 6500 रु. पर 13% प्रतिवर्ष की दर से 4 वर्षों में साधारण ब्याज क्या है ?

(A) 3280 रु. (B) 3350 रु. (C) 3250 रु. (D) 3380 रु.

35. कोई रकम साधारण ब्याज पर 6 वर्षों में तीन गुना हो जाती है। कितने वर्षों में यह 8 गुना हो जाएगी ?

(A) 21 (B) 25 (C) 23 (D) 27

36. पिछले वर्ष के जनवरी, फरवरी और मार्च में अजय की मासिक आय क्रमश: 3000 रु. , 4000 रु. और 5000 रु. थी। इन तीन महीनों की उसकी औसत मासिक आय क्या थी ?

(A) 4000 (B) 3000 (C) 3500 (D) 5000

37. 20 से 40 तक सभी भाज्य संख्याओं का औसत है :

(A) 28 (B) 30 (C) 32 (D) 26

38. पानी को 80% शराब में किस अनुपात में मिलाने से 60% शराब का घोल तैयार होगा ?

(A) 4 : 3 (B) 2 : 3 (C) 5 : 4 (D) 1 : 3

39. चौबीस आदमी एक काम को 35 दिन में कर सकते हैं। उस काम को 21 दिन में पूरा करने के लिए कितने आदमियों की जरूरत होगी ?

(A) 38 (B) 40 (C) 36 (D) 42

40. दो पाइप एक टंकी को क्रमश: 30 मिनट और 20 मिनट में भर सकते हैं। यदि दोनों को एक साथ खोल दिया जाए तो टंकी कितनी देर में पूरी भर जाएगी ?

(A) 15 मिनट (B) 12 मिनट (C) 18 मिनट (D) 9 मिनट

41. 45 मी/सें कितने किमी/घंटे के बराबर होता है ?

(A) 152 (B) 162 (C) 172 (D) 144

42. यदि कोई गाड़ी एक सेकंड में 12 मीटर चल सकती है तो 3 घंटे 45 मिनट में वह कितने किलोमीटर जा सकती है ?

(A) 168 (B) 162 (C) 150 (D) 156

43. एक 600 मीटर लंबी ट्रेन 54 किमी. प्रति घंटे की गति से चल रही है। यह कितने समय में एक खड़े आदमी को पार कर लेगी ?

(A) 38 सें (B) 40 सें (C) 42 सें (D) 48 सें

44. एक आदमी नदी के निचली ओर के बहाव में 18 किमी. प्रति घंटे पर और चढ़ाव पर 10 किमी प्रति घंटे पर नाव खे सकता है। स्थिर पानी में उस आदमी की गति ज्ञात करें।

(A) 12 किमी. प्रति घंटा (B) 14 किमी. प्रति घंटा (C) 8 किमी. प्रति घंटा (D) 16 किमी. प्रति घंटा

45. एक वलय के वृत्तखंड (सेक्टर) का अर्धव्यास 21 सेमी. है और केन्द्रीय कोण 135° है उसकी परिमिति ज्ञात करें।

(A) 91.5 सेमी. (B) 93.5 सेमी. (C) 94.5 सेमी. (D) 92.5 सेमी.

46. एक पहिए का अर्द्ध व्यास 22.4 सेमी. है। 500 परिक्रमा करने में पहिए को कितनी दूरी तय करनी पड़ेगी ?

(A) 252 मीटर (B) 704 मीटर (C) 352 मीटर (D) 808 मीटर

47. $108 \times 107 \times 96 = ?$ (सबसे नजदीकी सौ तक)

(A) 1109300 (B) 1109400 (C) 1108400 (D) 1108300

48. $\frac{45}{100} \times 125 + 22.02 = ?$

(A) 78.27 (B) 76.56 (C) 74.74 (D) 72.00

49. $\dfrac{\frac{180}{37} \text{ of } 14.8}{\frac{17}{60.1} \text{ of } 180.3} = ?$

(A) 1.41 (B) 1.62 (C) 1.51 (D) 1.23

50. $4 \times 0.4 \times 0.04 \times 0.004 = ?$

(A) 0.0256 (B) 0.00256 (C) 0.000256 (D) 0.0000256

51. $\frac{830 + a \times 3 \times 14}{100} - \frac{830 \times 14 \times 3}{100} = 20.16$

(A) 24.05 (B) 36.09 (C) 858.23 (D) 926.12

52. $\frac{0.9 \times 0.9 - 0.8 \times 0.8}{1.7}$ निम्न के बराबर है :

(A) 0.1 (B) 0.2 (C) 0.3 (D) 0.4

53. $22004 - 29303 + 101299 - 59532 = ?$

(A) 44000 (B) 24500 (C) 34468 (D) 26000

54. 400 का $x\% + 160$ का $40\% = 17\%$ of 400, तब $x$ =

(A) 4 (B) 0.1 (C) 1 (D) 0.4

55. $\sqrt[4]{1290} + \sqrt[4]{10100} =$

(A) 12 (B) 14 (C) 16 (D) 18

56. असमीकरण (inequation) $|x| > 0$ का हल सेट (solution set) है :

(A) Null set (B) $[0, \infty)$ (C) $(-\infty, \infty)$ (D) $(-\infty, 0]$

57. 928 का 35.6% है –

(A) 325.32 (B) 327.35 (C) 330.36 (D) 332.37

58. $x$ का ग्राफ निम्न का एक स्थिरांक है :

(A) $x$ अक्ष के समानांतर (B) $y$ अक्ष के समानांतर

(C) $x$ अक्ष (D) $y$ अक्ष

59. एक संख्या का तिगुना उसके एक तिहाई से 24 अधिक है। बताइये वह संख्या क्या है ?

(A) 8 (B) 9 (C) 12 (D) 15

60. अगर $p : q = 4 : 9$ और $q : r = 3 : 5$ तो $p : q : r$ क्या होगा ?

(A) 4 : 9 : 15 (B) 4 : 9 : 10 (C) 4 : 9 : 25 (D) 4 : 9 : 20

## भाग-2

61. बैठने की व्यवस्था :

P, Q, R, S और T पाँच वक्ता हैं जिन्हें किसी दिन बोलना है, लेकिन यह इसी क्रम में आवश्यक नहीं है। R न तो पहला और न ही अंतिम वक्ता है। S के बाद तीन वक्ता हैं और T के पहले तीन वक्ता हैं। यदि P, Q के बाद बोलता है, तो अंतिम वक्ता कौन है ?

(A) S (B) T (C) P (D) Q

62. असंगत अंक पहचानिये ?

(A) 144 (B) 169 (C) 256 (D) 288

63. समानता :

मांस : शाकाहारी : : शराब : __________ ।

(A) पागल (B) अंतर्मुखी (C) मद्यत्यागी (D) मूर्ख

64. समय क्रम परीक्षा :

अंजलि कानफ्रेंस हाल पर 8 : 30 पर पहुँच गई जो 15 मिनट समयपूर्व था। यदि अंजलि अभिषेक से, जो 40 मिनट देर से पहुँचा था, 30 मिनट पहले पहुँची हो, तो बताइये कान्फ्रेंस का निर्धारित समय क्या था ?

(A) 8 : 30 (B) 8 : 15 (C) 8 : 45 (D) 8 : 05

65. सामान्य बोध की परीक्षा :

एक व्यक्ति 60 फीट ऊँचे खम्बे पर चढ़ने का प्रयत्न कर रहा है। वह 1 मिनट में 6 फीट चढ़ जाता है, लेकिन फिसल कर 4 फीट नीचे आ जाता है, तो ऊपर तक पहुँचने में उसे कितने मिनट लगेंगे ?

(A) 27 (B) 28 (C) 30 (D) 32

66. अल्फाबेट समानता :

HGFE : ZYXW : : PONM : __________

(A) JKLF (B) FEDC (C) QTSR (D) EDOQ

67. क्रम पूरा करें।

8, 12, 18, 27, __________

(A) 36 (B) 40 (C) 38 (D) 39

68. पाँच पुस्तकें एक शेल्फ पर रखी हैं। गणित की पुस्तक अंग्रेजी और हिंदी की पुस्तकों के बगल में नहीं रखी गई है। इतिहास की पुस्तक अंग्रेजी पुस्तक के बगल में नहीं है। गणित की पुस्तक जीवविज्ञान की पुस्तक के बगल में है। जीवविज्ञान की पुस्तक पंक्ति के बीच में है। तो फिर इतिहास की पुस्तक की बगल में कौन सी पुस्तक है?

(A) हिंदी (B) गणित (C) जीवविज्ञान (D) अंग्रेजी

69. पढ़ने का संबंध ज्ञान से है जैसे __________ का संबंध स्वास्थ्य से है।

(A) व्यायाम (B) भोजन (C) आदत (D) शरीर

70. रामू उत्तर की ओर 15 कि.मी. चला और फिर पश्चिम की ओर 5 कि.मी. चला और फिर दक्षिण की ओर 5 कि.मी. और पूर्व की ओर 8 कि.मी. चला, फिर वह दायीं ओर मुड़ा और 10 कि.मी. चलकर अपने कार्यालय पहुँच गया। शुरू के बिंदु से उसका कार्यालय कितनी दूर और किस दिशा में है?

(A) 2 कि.मी.पश्चिम (B) 5 कि.मी. पूर्व

(C) 6 कि.मी. दक्षिण (D) 3 कि.मी. उत्तर

71. असंगत वस्तु बाहर :

(A) गन्ना (B) काफ़ी (C) चाय (D) गेहूँ

72. अगर SANDU का कोड @ # $ % ^ है और VIDHYA का कोड & * % ! " # है तो SANDHYA के लिए क्या कोड है ?

(A) @ # $ % ! " # (B) @ % # ! % # ^ (C) # @ # $ % ^ * (D) # ^ $ @ * & #

73. सामान्य बोध की परीक्षा :

एक तालाब में कुछ कमल के फूल हैं। उनकी संख्या प्रति दिन दुगुनी हो जाती है। यदि तालाब 6 दिन में पूरा भर जाता है तो तालाब को आधा भरने में कितने दिन लगेंगे ?

(A) 3 (B) 2 (C) 4 (D) 5

74. शब्दों की लॉजीकल व्यवस्था :

(i) उपन्यास (ii) लेखक (iii) पुरस्कार (iv) विषय (v) प्रकाशन

(A) (v), (iii), (ii), (i), (iv)
(B) (iii), (v), (i), (ii), (iv)
(C) (ii), (iv), (i), (v), (iii)
(D) (i), (ii), (iii), (v), (iv)

75. शब्द निर्माण :

निम्न में से कौन से शब्द का निर्माण MATHEMATICS शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं किया जा सकता ?

(A) ICE (B) THE (C) TIK (D) MAT

76. निम्न में से कौन सा शब्द REGRESSION शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके बनाया जा सकता है ?

(A) RAIN (B) GREEN (C) AGREE (D) GREASE

77. एक तस्वीर की ओर इशारा करते हुए पूनम ने कहा, ''ये मेरे भाई के चाचा के बेटे की माँ है।'' पूनम का तस्वीर में मौजूद व्यक्ति से क्या संबंध है ?

(A) चाची (B) भतीजी (C) माँ (D) बेटी

78. एक आदमी की ओर इशारा करते हुए राधा ने कहा, ''उनकी बहन मेरी बेटी के भाई की माँ है।'' उस आदमी का राधा से क्या संबंध है?

(A) भाई (B) पिता (C) चाचा (D) दादा

79. असंगत अंक पहचानिये?

(A) 52 (B) 96 (C) 24 (D) 36

80. मानसिक दृढ़ता :

यदि आप परीक्षा में असफल हो जाएं तो आप क्या करेंगे?

(A) अगली बार प्रयत्न करेंगे, जैसे कुछ हुआ ही न हो

(B) परीक्षा में बैठना बंद कर देंगे

(C) अपनी चिंताओं का दमन करने का यत्न करेंगे

(D) किसी ऐसे व्यक्ति से बात करेंगे जो आपकी चिंताओं को दूर कर सकता हो

81. एक कक्षा में लड़कों की संख्या लड़कियों की संख्या से तीन गुना है, इनमें कौन सी कुल संख्या नहीं है?

(A) 48 (B) 44 (C) 40 (D) 42

82. पेशे में रूचि :

आप घर पर आराम से काफ़ी लेते हुए अपने परिवार के सदस्यों से बात कर रहे हैं। यदि दफ़्तर तुरंत पहुँचने के लिये आपको कहा जाए तो आप :

(A) उस काम को टालने की कोशिश करेंगे

(B) आपको ठीक न लगते हुए भी आप उठ कर दफ़्तर चले जाएंगे

(C) अपनी जगह और किसी को भेजने का यत्न करेंगे

(D) दफ़्तर जाकर शिकायत करेंगे

83. यदि किसी कोड भाषा में लाल को भूरा, भूरे को पीला, पीले को बैंगनी, बैंगनी को नीला और नीले को सफ़ेद कहा जाता हो, तो उस भाषा में मनुष्य के रक्त का रंग क्या होगा ?

(A) पीला (B) हरा (C) भूरा (D) सफेद

84. मूल कानून :

भारत के कम्प्ट्रोलर और आडिटर जनरल कौन हैं ?

(A) विनोद राय (B) सारोश होमी कपाड़िया

(C) पी.चिदम्बरम (D) सुषमा स्वराज

85. एक फोटो में एक स्त्री की ओर इंगित करते हुए एक आदमी कहता है, ''यह मेरी पत्नी के इकलौते बेटे के पिता की माता हैं।'' फोटो वाली स्त्री का उस आदमी से क्या संबंध है ?

(A) माँ (B) पत्नी (C) बहू (D) दामाद

86. शब्द समानता :

शराब का अंगूरों से वैसा ही संबंध है जैसा वोदका का संबंध __________ से है :

(A) सेब (B) आलू (C) संतरा (D) आटा

87. असंगत को पहचानें :

(A) झारखंड-रांची (B) गोवा-पणजी

(C) उत्तरांचल-नैनीताल (D) राजस्थान-जयपुर

88. अल्फाबेट :

A से Z की शृंखला में K दांये से तीसरे अक्षर के बांये से पाँचवा अक्षर कौन सा है ?

(A) J (B) K (C) N (D) I

89. Z से A की शृंखला में J के बायीं ओर के तीसरे अक्षर के दायीं ओर का पाँचवा अक्षर कौन सा है?

(A) J (B) K (C) H (D) M

90. गणित के प्रश्न :

किसी कोड भाषा में + का अर्थ *, * का अर्थ –, – का अर्थ /, और/ का अर्थ + है, तो $16-2+\frac{4}{16}-8*2$ का मूल्य क्या है?

(A) 15 (B) 2 (C) 4 (D) 32

91. चिन्ह :

यदि $4+5=41$ और $10+12=244$ तो $6+8=$

(A) 100 (B) 200 (C) 88 (D) 96

92. व्यवस्था :

एक थियेटर में संदीप के पहले 15 लोगों ने प्रवेश किया। संदीप और सलमान के बीच 7 लोगों ने प्रवेश किया और सलमान के बाद 20 लोग भीतर आए। थियेटर में कुल कितने लोग हैं?

(A) 28 (B) 36

(C) 44 (D) गणना नहीं की जा सकती

93. नीचे दिये गए अंकों की शृंखला को देखें। कितने विषम अंकों के तुरंत पहले और तुरंत बाद कितने सम अंक आते हैं?

296813487652134368

(A) 4 (B) 3 (C) 5 (D) 6

94. एक कोड भाषा में पेन का अर्थ इरेज़र, इरेज़र का अर्थ पुस्तक, पुस्तक का अर्थ स्केल, स्केल का अर्थ शार्पनर, शार्पनर का अर्थ डस्टर और डस्टर का अर्थ टेबल है। तो उस भाषा में ब्लैक बोर्ड को साफ़ करने के लिये प्रयुक्त वस्तु का नाम क्या है?

(A) डस्टर (B) शार्पनर (C) स्केल (D) टेबल

95. असंगत वस्तु को पहचानें :

(A) बुध (B) चाँद (C) बृहस्पति (D) शनि

96. लिंग संवेदनशीलता :

स्त्रियों की रक्षा के लिये बनाए गए कानूनों के बारे में आप क्या सोचते हैं ?

(A) वे कोई काम के नहीं हैं
(B) उन्हें सही तरह से लागू करने की आवश्यकता है
(C) उनका कोई मूल्य नहीं हैं
(D) वे केवल समय व्यर्थ करते हैं

97. मानसिक दृढ़ता :

एक दिन सुबह जगने पर आप छाती में दर्द महसूस करते हैं। आप क्या करेंगे ?

(A) डाक्टर से मिलने का निश्चय करेंगे
(B) इसके बारे में किसी से बात करेंगे जो आपकी चिंता दूर कर सकता हो
(C) कुछ दिनों तक देखेंगे और तब निश्चय करेंगे
(D) आवश्यक परीक्षणों के लिये जाएंगे

98. असंगत अंक पहचानिये :

(A) 2 (B) 4 (C) 6 (D) 9

99. मूल कानून :

उपराष्ट्रपति __________ के एक्स-ऑफिशियो अध्यक्ष होते हैं।

(A) लोकसभा (B) राज्यसभा (C) संसद (D) राष्ट्रपति भवन

100. यदि 8 फरवरी 1995 को बुधवार था तो 8 फरवरी 1994 को कौन सा दिन था?

(A) बुधवार (B) मंगलवार (C) सोमवार (D) रविवार

101. रक्त संबंध :

श्याम की सास की एकमात्र पुत्री के बेटे का श्याम से क्या संबंध है?

(A) भतीजा (B) भाई (C) पुत्र (D) चाचा

102. मेरे पिता के भाई के एकमात्र बच्चे की माँ का मुझसे क्या संबंध है?

(A) माता (B) चचेरा भाई (C) पुत्री (D) चाची

103. लिंग संवेदनशीलता :

आप रात की ड्यूटी पर हैं और रास्ते में आप दो महिलाओं को देखते हैं जो दूसरा शो देख कर लौट रही हैं। आप :

(A) उन पर चिल्लाएंगे (B) अपनी टार्च उन्हें देकर उन्हें घर पहुँचाएँगे

(C) उनकी आवश्यकता पर उन्हें मदद देंगे (D) उन्हें अनदेखा कर देंगे

104. मेरे पिता की माँ की एकमात्र बहू का एकमात्र बेटे का मुझसे क्या संबंध है?

(A) भाई (B) चचेरा भाई

(C) मैं स्वयं (D) निश्चित नहीं किया जा सकता

105. वह व्यक्ति जो मेरे पुत्र की बहन का पति है, वह मेरा क्या है?

(A) भतीजा (B) दामाद (C) पुत्र (D) भाई

106. संदीप की माँ के पिता के पुत्र का संदीप के पिता से क्या संबंध है?

(A) चचेरा भाई (B) चाचा (C) साला (D) पुत्र

107. असंगत अंक पहचानिये :

(A) 125 (B) 216 (C) 27 (D) 121

108. मानसिक दृढ़ता :

पूछताछ के समय अपराधी अपशब्द का प्रयोग करता है। आप क्या करेंगे।

(A) शांत रहेंगे और अपनी पूछताछ जारी रखेंगे

(B) अपराधी को अपशब्दों का प्रयोग करने के लिये पीटेंगें

(C) अपराधी को वापस अपशब्दों से संबोधित करेंगे

(D) अपने सहयोगी से समस्या से निपटने के लिये कहेंगे

109. पेशे में रुचि :

विभाग से निलंबित कर दिया जाता है और एक दिन विभाग आपको किसी मदद के लिये संपर्क करता है।

(A) आप मदद के लिये तैयार रहेंगे (B) आप मदद के लिये तैयार नहीं होंगे

(C) आप असमंजस में पड़ जाएंगे (D) आप विभाग से बदला लेना चाहेंगे

110. मानसिक दृढ़ता :

आप काम करते हुए थक चुके हैं और आपके अधिकारी आपको और काम दे देते हैं। आप क्या करेंगे ?

(A) उन्हें और काम न देने के लिये कहेंगे

(B) काम स्वीकार कर लेंगे और पूरा करने की कोशिश करेंगे

(C) काम से इस्तीफ़ा दे देंगे

(D) किसी और पर काम को लादने का प्रयत्न करेंगे

111. लिंग संवेदनशीलता :

आप रास्ते पर चल रहे हैं और किसी मकान से स्त्री के रोने की आवाज सुनाई देती है। आप :

(A) उस घर तक जाएंगे और पता करेंगे कि सबकुछ ठीकठाक तो है

(B) उसे अनदेखा कर देंगे और आगे चले जाएंगे

(C) आप ऐसी छोटी-मोटी बातों के लिये समय बरबाद नहीं करना चाहेंगे

(D) आप मुश्किल में पड़ना नहीं चाहेंगे

112. मूल कानून :

भारत के वर्तमान मुख्य न्यायाधीश कौन हैं ?

(A) विनोद राय

(B) के.जे. बालकृष्णन

(C) के.जी. बालकृष्णन

(D) सारोश होमी कपाड़िया

113. अल्पसंख्यकों को के प्रति रवैया :

सांस्कृतिक और शैक्षणिक अधिकार इसलिये बनाए गए ताकि :

(A) अल्पसंख्यकों का विकास हो सके

(B) समाज की विविधता को संजोया जा सके

(C) अपने राष्ट्र की रक्षा हो

(D) बहुसंख्यकों का विकास हो सके

114. अनुकूलनशीलता :

आपका तबादला एक नए राज्य में कर दिया जाता है जहाँ का भोजन आपके मूल भोजन से भिन्न है। आप :

(A) अपना भोजन खुद बनाने का यत्न करेंगे

(B) अपने परिवार को नए स्थान पर ले आएंगे

(C) वापस तबादले के लिये निवेदन करेंगे

(D) काम से इस्तीफ़ा दे देंगे

115. साम्प्रदायिक सौहार्द :

इनमें से आपकी राय क्या है ?

(A) जाति जीवन में सर्वोपरि है

(B) मित्रता और स्नेह जाति से परे है

(C) किसी को अपनी जाति के विरूद्ध नहीं जाना चाहिये

(D) जाति के प्रति ईमानदारी सबसे सुरक्षित मार्ग है

116. अपराध नियंत्रण :

यदि किसी प्रदेश में अपराध दर बढ़ रही हो, तो :

(A) सरकार जिम्मेदार है

(B) पुलिस जिम्मेदार है

(C) न्याय व्यवस्था जिम्मेदार है

(D) वहाँ रहने वाले लोग जिम्मेदार हैं

117. साम्प्रदायिक सौहार्द :

एक पुलिसमैन को __________ के प्रति जिम्मेदार होना चाहिये :

(A) समाज (B) जाति (C) स्वयं (D) किसी के भी नहीं

118. लिंग संवेदनशीलता :

निम्न में से आपकी राय क्या है ?

(A) महिलाओं को पुरुषों का आदर करना चाहिये

(B) पुरुषों को स्त्रियों का आदर करना चाहिये

(C) पुरुषों और स्त्रियों दोनों को एक दूसरे का आदर और संभाल करना चाहिये

(D) स्त्रियों को अपनी देखरेख स्वयं करनी चाहिये

**119.** संपर्क की क्षमता :

अंतर्व्यक्तिगत संचार के बारे में आप क्या सोचते हैं ?

(A) यह 65% गैरमौखिक और 35% मौखिक है

(B) यह 100 प्रतिशत केवल मौखिक ही है

(C) यह 100 प्रतिशत गैर–मौखिक है

(D) यह 35 प्रतिशत गैर–मौखिक और 65 प्रतिशत मौखिक है

**120.** मानसिक दृढ़ता :

एक लंबा और शक्तिशाली आदमी आपके पास आता है और आपका नाम और ब्यौरा पूछता है। आप :

(A) बुरा महसूस करेंगे और वहाँ से हट जाने का प्रयत्न करेंगे

(B) तुरंत भाग खड़े होंगे

(C) शांति से उसके प्रश्नों का जवाब देंगे हालांकि आप किसी भी चीज के लिये तैयार होंगे

(D) शांति से उसके प्रश्नों का जवाब देंगे हालांकि भीतर से आप काँप रहे होंगे

-o0o-